भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. **2157**
सोमवार, **2** दिसम्बर, 2019/11 अग्रहायण, 1941 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर प्रदेश के बौद्ध स्थलों का नवीकरण

2157. डॉ॰ संघमित्रा मौर्यः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उत्तर प्रदेश के बदायूं संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मझिया ग्राम में बौद्ध धम्म में बौद्ध धर्म के संस्थापक और संरक्षक तथागत बुद्ध का प्रमाण मौजूद है और जिसकी पुष्टि इतिहास करता है, आज इसके अवशेषों के रूप में जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या पर्यटन को बढ़ावा देने और इसे विश्व पर्यटन मानचित्र पर लाने के लिए उक्त स्थल के सौंदर्यीकरण की कोई योजना है;

(ग) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के संकिसा (जिला फर्रुखाबाद) में स्थित महत्वपूर्ण बौद्ध स्थलों का जीर्णोद्धार करने का विचार है, जो एक बौद्ध तीर्थ केंद्र जहां प्रतिदिन सैकड़ों भक्त जाते हैं और जो वर्तमान में जर्जर स्थिति में है;

(घ) क्या सरकार का तीर्थयात्रियों के लिए पेयजल की उपलब्धता, आवास और सुलभ शौचालयों की सुविधा सुनिश्चित करने के अलावा इसे मुख्य मार्ग से जोड़ने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (ड.): पर्यटन मंत्रालय ने बौद्ध परिपथ को स्वदेश दर्शन योजना के तहत विकास हेतु **15** थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में अभिज्ञात किया है । उत्तर प्रदेश सहित देश में बौद्ध धर्म से जुड़े सभी स्थल इस परिपथ के तहत शामिल हैं ।

इस योजना के तहत विकास हेतु परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पूर्व में जारी निधियों की उपयोगिता की शर्त पर उन्हें स्वीकृति प्रदान की जाती है ।

मंत्रालय ने वर्ष **2016-17** में **99.97** करोड़ रुपए की राशि से बौद्ध परिपथ थीम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में बौद्ध परिपथ के विकासः श्रावस्ती, कुशीनगर तथा कपिलवस्तु की परियोजना को स्वीकृति दी है।

उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार ने यह सूचित किया है कि उन्होंने वर्ष **2016-17** और **2017-18** में बदायूं जिले के मझिया में **104.96** लाख रुपए की राशि से टॉयलेट ब्लॉक्स, कैनोपी, सबमर्सिबल पंप, फुटपाथ, पार्किंग, हॉर्टिकल्चर, रेलिंग तथा बेंच आदि से संबंधित विकास कार्य किया है ।

****